## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्राकृतिक आपदा से 3 लोगों की असामायिक मृत्यु, सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से 5 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित नियम के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-कमराई निवासी सुमित्रा बाई की 29 जुलाई 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पुत्र लोहरी सिंह राठिया को 4 लाख रुपये, ग्राम-डगभौना के ननकी बाई की 14 जून 2022 को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर उनके पति धरमसाय को 4 लाख रुपये तथा तहसील घरघोड़ा के ग्राम-पुरी निवासी जगदेव मांझी 11 सितम्बर 2020 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी फुलकुंवर को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से 7 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 50 अभ्यर्थी (एसटी 50 प्रतिशत, एससी 30 प्रतिशत एवं ओबीसी 20 प्रतिशत जिसमें प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षित) जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करना चाहते है ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। आवेदक 7 नवम्बर 2022 शाम 5 बजे तक वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अथवा https://hmstribal.cg.gov.in आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाईट पर अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र परीक्षा परिणाम आदि की सूचना विभागीय वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है।

### निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला छिछोरउमरिया में 21 अक्टूबर को

**रायगढ़।** विकासखण्ड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 21 अक्टूबर 2022 को विकासखण्ड पुसौर के ग्राम-छिछोरउमरिया के प्राथमिक शाला प्रांगण में प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोग जैसे-वातरोग, उदर रोग, श्वास, कास, चर्मरोग, स्त्री रोग, अर्श, नेत्ररोग, जराव्याधि, दौर्बल्यता इत्यादि जटिल रोगों का उपचार कर उपलब्ध औषधियों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

### पेंगोलिन तस्करी के मामले में तीन आरोपी भेजे गए जेल

**गरियाबंद (आरएनएस)।** पुलिस विभाग द्वारा बुधवार को पेंगुलिन का तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है ,वही तीनो आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया ।इसके साथ ही बरामद पेंगुलिन को वन विभाग गरियाबंद के सुपुर्द किये ।ज्ञात हो कि बरामद पेंगुलिन को आरोपियों के द्वारा दो लाख रुपये में ख़रीदी किया गया है ,और बाहर इसे दस लाख रुपये में देने का सौदा किया गया था ।वही इस दुर्लभ पेंगुलिन का विदेशों में कीमत करोडो रुपये का बताया जा रहा है लेकिन सौदा हो पाता इससे पहले ही गरियाबंद पुलिस पेंगुलिन के साथ इसके तस्करों को धरदबोचे ।इस पेंगुलिन को गुरुवार को वन विभाग में सौपे जाने के बाद पेंगुलिन को गरियाबंद वन परिक्षेत्र के जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया।

# धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर- बड़ी छूट से हुई बड़ी बचत, एक साल में जिलेवासियों को पौने चार करोड़ का लाभ

**❒ 70 प्रतिशत तक मिली छूट, सस्ती दवाओं से इलाज के खर्च में मिली राहत**

**❒ जिले में चल रही 8 सस्ती दवा दुकान**

**रायगढ़।** शासन द्वारा लोगों को महंगी दवाईयों से राहत और स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार करते हुए धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकानों की शुरूआत की गई थी। जिसका आज एक वर्ष पूर्ण हो चुका है और लोगों के बीच इस योजना का बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। जिसका सीधा लाभ जिलेवासियों को अब तक पौने चार करोड़ रुपये का मिल चुका है। वर्तमान में जिले के कुल 8 स्थानों में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जहां लोगों को सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकानों में 51 से लेकर 71.10 प्रतिशत छूट के साथ दवाईयां उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यही कारण हैं कि लोगों को रियायती दरों में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए बीते एक वर्ष पूर्व 20 अक्टूबर 2021 को धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना की शुरूआत की गई थी।

रायगढ़ के अशर्फी देवी धन्वंतरी दवाई दुकान में दवा खरीदने आये कोतरा रोड निवासी रामचंद्र शर्मा ने बताया कि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जिससे लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। कंपनी के हिसाब से दवाओं के नाम अलग हो सकता है, लेकिन उक्त दवाइयों के फार्मुले एक ही होते है। उन्होंने बताया कि वे शुगर के मरीज है इसलिए वो धन्वंतरी के नियमित ग्राहक है, यहां उन्हें दवाइयां सस्ती एवं अच्छी मिलती है। उन्होंने जिलेवासियों को धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स से ही दवा खरीदने के लिए आग्रह किया। इसी तरह औराभाटा निवासी जैनम पटेल कहते है कि सरकार ने सस्ती दवा दुकान खोलकर अच्छी योजना प्रारंभ की है। इससे लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो रही है। जिसका लाभ मैं ले रहा हूं और सभी इस योजना का लाभ ले। बासनपाली निवासी गीता यादव बताती है कि डॉक्टर की सलाह पर मैं पहली बार धन्वंतरी से दवाईयां खरीदी। धन्वंतरी की दवाईयां तो अच्छी है, साथ ही अन्य दवाई दुकानों से सस्ती है।




**अब तक साढ़े 5 करोड़ से ऊपर की हुई दवा बिक्री-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल जब से धन्वंतरी मेडिकल सस्ती दवा दुकान जिले में प्रारंभ हुई है तब से आज दिनांक तक कुल 5 करोड़ 64 लाख 7 हजार 828 रुपये की दवाई बिक्री हो चुकी है। जिसमें मिली छूट से जनसामान्य को 3 करोड़ 84 लाख 27 हजार 63 रुपये का फायदा हुआ है।

**8 दवा दुकानें हो रही संचालित-** वर्तमान में रायगढ़ जिले में 8 दवा दुकानें संचालित हो रही हैं। जिसमें रायगढ़ शहर में दो दवा दुकानें एक अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय व दूसरा पुराना सारंगढ़ बस स्टैण्ड में चल रहा है। वहीं जिले के सभी नगरीय निकाय मुख्यालय धरमजयगढ़, पुसौर, लैलूंगा, किरोड़ीमलनगर, घरघोड़ा, एवं खरसिया में दवा दुकान चल रही है।

### सस्ते दर पर दवाई मिलने से मरीजों को एक साल में ही 60 करोड़ से ज्यादा की हुई बचत

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सार्थक पहल से छत्तीसगढ़ के गरीब जनता तक सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार मुख्यमंत्री बघेल की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यही कारण हैं कि लोगों को रियायती दरों में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए 20 अक्टूबर 2021 से धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना शुरू की गई है। योजना के तहत राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों में 192 धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गये हैं। इसके लिए राज्य के सभी नगरीय निकायों में धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के तहत जेनेरिक दवाओं की दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इन दुकानों में देश की ख्याति प्राप्त कंपनियों की जेनेरिक दवाईयां 50 से 70 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध है। धन्वंतरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक 192 धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से दवाओं की खरीदी पर 29.53 लाख उपभोक्ताओं की 60 करोड़ रूपए से ज्यादा की बचत हुई है। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम तुड़पारास निवासी हेमंत कुमार नाग ने बताया कि मेडिकल स्टोर से वे सस्ती दामों पर दवाइयां उपलब्ध हो रही है। पहले बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाइयां लेना महंगा पड़ता था। अब किफायती दर पर दवाइयां मिल रही हैं अच्छा इलाज हो रहा है और पैसे की बचत हो रही है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## एग्री स्टार्टअप कॉन्क्लेव एवं किसान सम्मेलन में सम्मिलित हुए जिले के प्रगतिशील कृषक




**रायगढ़।** जिले के प्रगतिशील कृषकों ने इंजी.आर.के.स्वर्णकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के मार्गदर्शन में दिनांक 17 से 18 अक्टूबर 2022 तक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एग्री स्टार्टअप कॉन्क्लेव एवं किसान सम्मेलन में सम्मिलित हुये। इस कार्यक्रम को देश के विभिन्न प्रांतो से आये कृषकों को प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया गया एवं पीएम किसान सम्मान निधी की 12 वीं किश्त की राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया। कृषकों द्वारा विभिन्न कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से कृषि के नये-नये तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त किये एवं निकट भविष्य में कृषि तकनीकों/नवाचार को अपनाकर विभिन्न फसलों की उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ कृषि से संबद्ध अन्य क्षेत्रों से अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के नोडल अधिकारी के.के.पैकरा एवं जिले के प्रगतिशील कृषक सीताराम पटेल, दादूराम चंद्रा, नारायण गवेल, मुकेश चौधरी (डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न से सम्मानित), हरविन्द्र चौधरी, कुंजबिहारी चौधरी, रोहित पटेल व कमल पटेल शामिल हुये।

### हाथियों के दल ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज अंतर्गत बनिया गांव में 44 हाथियों के दल ने फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। हाथियों का दल पिछले तीन दिनों से यहां मौजूद है और उत्पाद मचा रहा है। इस दौरान हाथियों ने खेतों में पहुंचकर बड़ी मात्रा में कई एकड़ में लगे धान की फसल को चौपट कर दिया है। हाथियों के उत्पात से 50 से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। जिन्हें लाखों रूपए का नुकसान उठाना पड़ा है। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा हाथियों को खदेडऩे का लगातार प्रयास किया जा रहा है, सफलता नहीं मिल पा रही है।

## दुकान के बाहर अवैध बिक्री के लिए रखे 11 हजार रुपए के फटाखे जब्त

**❒ किराना दुकान पर अवैध रूप से फटाका बिक्री कर रहे व्यवसायी पर हुई कार्रवाई**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर दीपावली त्योहार के मद्देनजर थाना, चौकी प्रभारीगण स्टाफ के साथ शाम के वक्त बाजारों में पैदल पेट्रोलिंग कर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के साथ असामाजिक तत्वों पर निगाह रखा जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 19.10.2022 के शाम कोतवाली टीआई शनिप रात्रे एवं थाने में पदस्थ स्टॉफ बाजार के अलग-अलग क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी कि जा रहा था। इसी दौरान गौरी शंकर मंदिर रोड पर मिनेश किराना दुकान के बाहर खाट पर व्यवसायी पटाखों का खतरनाक तरीके से बिक्री कर रहा था, कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा किराना दुकान के संचालक मिनेश अग्रवाल पिता पवन अग्रवाल उम्र 36 साल निवासी गौरी शंकर मंदिर के पास रायगढ़ से पटाखों के बिक्री के संबंध में वैध दस्तावेज/लाइसेंस प्रस्तुत करने कहा गया। व्यवसायी पटाखा बिक्री के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया, पटाखों के खतरनाक तरीके से अवैध बिक्री करना पाए जाने पर कोतवाली पुलिस की टीम दुकान के बाहर खाट में रखें विभिन्न प्रकार के पटाखे करीब 11,000 रुपए का जप्त कर थाना लाया गया। व्यवसायी मिनेश अग्रवाल के विरुद्ध थाना कोतवाली में 9(ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे के साथ कार्यवाही में प्रधान आरक्षक दिग्विजय दास वैष्णव, हेमन पात्रे व हमराह स्टाफ शामिल थे।



## शादी का सब्जबाग दिखाकर शादी से इंकार करने पर युवती ने लगाई फांसी

**❒ मर्ग जांच में मृतिका को उसके प्रेमी द्वारा प्रताड़ित करने के मिले साक्ष्य**

**❒ कोतरारोड़ थाना प्रभारी ने आरोपी युवक को "आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के अपराध" में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़।** महिला संबंधी अपराधों पर संवेदनशील एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर थाना कोतरारोड़ क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कलमी में युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा त्वरित मर्ग की जांच करते हुए युवती को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले आरोपी युवक रघुनाथ राणा (25 साल) पुसौर को अपराध पंजीबद्ध के कुछ घंटों बाद गिरफ्तार कर आज सुबह न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



घटना के संबंध में मर्ग जांच दौरान जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के सरिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत रहने वाली युवती (मृतिका उम्र 22 वर्ष) के परिजन और गवाह बताये कि लड़की करीब 03 माह पहले आई.टी.आई. में कम्प्युटर कोर्स करने रायगढ़ गई थी जो बोइरदादर किराये मकान में रहती थी। घटना के नवरात्रि के समय लड़की छुट्टियों में घर आयी तो बताई कि रायपाली पुसौर में रहने वाले रघुनाथ राणा और वह एक-दूसरे से प्रेम करते हैं, लड़की उसी से शादी करने की इच्छा जताई और उसी के साथ कोयाडीपा कलमी में किराये में साथ रहना बतायी थी। लड़की के घर परिवारवाले लड़के के घर जाकर उसके माता पिता से शादी की बात करेंगे बोले थे। लड़की खुश थी, इसी बीच लड़का रघुनाथ राणा शादी करने से मना कर लड़की को उसके घर जाने के लिए विवश करने लगा। दोनों के बीच दिनांक 06.10.2022 को शादी कर पत्नि बनाकर रखने की बात को लेकर रात में झगडा विवाद हुआ, रघुनाथ राणा के द्वारा शादी करने से इंकार कर प्रताडित करने पर क्षुब्ध होकर लड़की लड़के के किराये के मकान में फांसी लगाकर फौत हो गई। पी.एम. रिपोर्ट में भी मृतिका की मृत्यु का कारण सुसाईडल होना लेख किया गया। दिनांक 19.10.2022 को थाना प्रभारी कोतरारोड़ मर्ग जांच उपरांत आरोपी रघुनाथ राणा पर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने का अपराध दर्ज कर आरोपी युवक के अन्यत्र फरार होने के पूर्व अपने स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी रघुनाथ राणा पिता रामरतन राणा उम्र 25 वर्ष मूल निवासी रायपाली थाना पुसौर हाल मुकाम कोयाडीपा थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मर्ग जांच, आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव, सउनि सोहन साहू, कुसुम कैवर्त, आरक्षक जग मोहन ओग्रे, अभिषेक द्विवेदी, राजेश खांडे, गोविद पटेल, पितांबर प्रधान, महिला आरक्षक आशा सिदार की प्रमुख भूमिका रही है।

## बिजली बिल हाफ योजना के तहत उपभोक्ताओं का 398.86 करोड़ रुपए का बिल माफ

**❒ जिले के 310105 उपभोक्ता ले रहे योजना का लाभ**

**दुर्ग (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ षासन द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना के तहत दुर्ग जिले के घरेलू एवं बीपीएल श्रेणी के 310105 उपभोक्ताओं को बिजली बिल में अब तक 398 करोड़ 86 लाख रुपए तक की छूट प्रदान की जा चुकी है। इस योजना के अंतर्गत मार्च 2019 से उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक के बिजली बिल में 50 प्रतिषत की छूट दी जा रही है। विद्युत वितरण कंपनी इस योजना का लाभ उठाने वाले उपभोक्ताओं को योजना षुरु होने के बाद से अब तक मिली छूट की जानकारी प्रमाण पत्र के माध्यम से घर जाकर दे रही है।

इस योजना के तहत वर्श 2019-20 में जिले के 323281 उपभोक्ताओं को 99 करोड़ 66 लाख रुपए, वर्श 2020-21 में 288930 उपभोक्ताओं को 109 करोड़ 41 लाख रुपए, वर्श 2021-22 में 298038 उपभोक्ताओं को 123 करोड़ 37 लाख रुपए एवं वर्श 2022-23 में अब तक 310105 उपभोक्ताओं को 66 करोड़ 42 लाख रुपए की छूट प्रदान की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने कहा कि इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत पर सीधे उनके बिल में 50 प्रतिषत छूट का लाभ देते हुए बिजली बिल जारी किया जा रहा है। इसकी जानकारी बिल में अलग से प्रिंट करके दी जाती है। इसमें माह में 400 यूनिट तक खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को करीब 900 रुपए का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि इस छूट का लाभ उन उपभोक्ताओं को नहीं मिलता जो दो महिने से अधिक समय तक बिजली का बिल जमा नहीं करते। ऐसे उपभोक्ताओं से निवेदन है कि बिजली बिल बकाया जमा कर इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठायें। जामुलकर ने कहा कि वर्श 2019 से चल रही षासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत घरेलू श्रेणी के उपभाक्ताओं को यह सुविधा प्रदान की जा रही है। बिजली बिल हाफ योजना के तहत उन्हें अब तक कितना फायदा हुआ है, यह जानकारी उन्हें प्रमाण पत्र के माध्यम से घर जाकर दी जा रही है।

## राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड-2022 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने किया आवेदन आमंत्रित

**❒ मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिए उत्कृष्ट अभियान संचालित करने वाले मीडिया संस्थानों को आयोग हर वर्ष करता है पुरस्कृत**

**❒ प्रिंट, टीवी, रेडियो और इंटरनेट मीडिया संस्थान 30 नवम्बर तक आयोग को भेज सकते हैं अपना आवेदन**

**रायपुर (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड-2022 के लिए मीडिया संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किया है। मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिए उत्कृष्ट अभियान संचालित करने वाले मीडिया संस्थानों को आयोग हर वर्ष चार श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान करता है। आयोग मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिए सर्वश्रेष्ठ अभियान संचालित करने वाले एक प्रिंट मीडिया संस्थान, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंतर्गत एक टेलीविजन मीडिया संस्थान और एक रेडियो मीडिया संस्थान तथा एक ऑनलाइन या सोशल मीडिया संस्थान का चयन कर पुरस्कृत करता है।




राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड-2022 के लिए आवेदन करने के इच्छुक मीडिया संस्थान 30 नवम्बर 2022 तक अपना आवेदन आयोग के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में भेज सकते हैं। आवेदन भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली-110001 के पते पर प्रेषित किया जा सकता है।

## राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**❒ राज्य सरकार द्वारा राज्यों व पड़ोसी देशों के कलाकारों-प्रतिनिधियों को किया जा रहा है आमंत्रित**

**❒ 1 से 3 नवम्बर तक होगा भव्य आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवम्बर से 3 नवम्बर तक राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले 23वें राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव तथा राज्य अलंकरण समारोह की तैयारियां जोरों पर है। राज्योत्सव एवं आदिवासी नृत्य महोत्सव का गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है।




राज्य सरकार द्वारा इस आयोजन को और भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए देश के सभी राज्यों केन्द्र-शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों व प्रमुखों सहित विभिन्न देशों व गणराज्यों के प्रतिनिधियों को भी राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने व अपने देश की कला-संस्कृति, परम्परा, उत्सव आदि पर आधारित नर्तक दलों को लेकर महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में देश के देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से प्रदेश के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ आदिवासियों द्वारा अलग-अलग राज्यों में जाकर वहां के मुख्यमंत्रियों के साथ ही केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशाषकों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा को विधायक दालेश्वर साहू ने पुद्दुचेरी के मुख्यमंत्री रंगास्वामी को, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अरूण मेहता को और लघु वनोपज संघ के जीएम एस. मनीवासगन ने तमिलनाडु सरकार के उद्योग मंत्री थांगम थेन्नारासु को आमंत्रित किया है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की आदिवासी कला संस्कृति, रीति-रिवाज, उत्सव, परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा देश के राज्यों सहित विश्व के अन्य देशों में निवासरत आदिवासी लोगों के कला-संस्कृति के आदान-प्रदान के उद्देश्य से भव्य आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन शुरू किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए पिछले वर्ष भारत के 25 राज्यों के 1400 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लिया, वहीं लंका, बेलारोस, युगांडा, बांग्लादेश सहित छ: से अधिक देशों के मेहमान कलाकारों ने अपने देश की कला-संस्कृति की छटा बिखेरी थी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480